**राज्यपाल सचिवालय**

**राजभवन, जयपुर**

## सीमा सुरक्षा बल के जवानों का शौर्य स्तुत्य : राज्यपाल

### राज्यपाल श्री मिश्र ने बीएसएफ के जवानों से किया संवाद

जयपुर/बीकानेर, 26 फरवरी। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने रविवार को खाजूवाला में बीएसएफ की यूनिट में तैनात जवानों से संवाद किया। राज्यपाल ने बॉर्डर का विजिट भी किया।

इस अवसर पर राज्यपाल श्री मिश्र ने कहा कि सीमा सुरक्षा बल के जवानों का शौर्य, समर्पण और त्याग सामान्य नहीं है। इसी शौर्य के सामने प्रत्येक देशवासी नतमस्तक होता है। उन्होंने कहा कि जवानों के अदम्य साहस की बदौलत देश की सीमाएं सुरक्षित हैं। प्रत्येक देशवासी को इस पर गर्व है। उन्होंने कहा कि सीमा पर तैनात जवानों से संवाद करने का वे सदैव प्रयास करते हैं। इससे पूर्व लोंगेवाला बॉर्डर पर भी जवानों से संवाद किया है।

इस दौरान राज्यपाल ने विभिन्न प्रदेशों के जवानों से मुलाकात की और विविध प्रदेशों की संस्कृति पर आधारित कार्यक्रमों का लुत्फ उठाया। राज्यपाल ने सीमा क्षेत्र का अवलोकन किया। इस दौरान बीएसएफ के डीआईजी पुष्पेंद्र सिंह राठौड़ सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

-----